Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 202 रायपुर, शनिवार 16 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## विकसित छत्तीसगढ़ के सपनों को लेकर आगे बढ़ेंगे : साय




- मुख्यमंत्री ने पुलिस परेड ग्राउंड पर किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी
- 17 प्लाटून ने परेड में किया आकर्षक मार्च पास्ट
- उत्कृष्ट दलों को मिले पुरस्कार

**रायपुर,** 16 अगस्त (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश का वाचन भी किया। समारोह में 17 प्लाटूनों ने भव्य मार्च पास्ट कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह मार्च पास्ट भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में हुई। इस बार उड़ीसा प्रदेश की पुलिस टुकड़ी आमंत्रित वर्ग में परेड में शामिल हुई। परेड के टूआईसी श्री सिद्धार्थ सिंह चौहान थे। परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (पुरुष-महिला), छत्तीसगढ़ पुलिस, जेल पुलिस, नगर सेना (पुरुष-महिला), एनसीसी (बालक-बालिका), बैण्ड प्लाटून, घुड़सवार दल और महिला बैगपाइपर बैंड शामिल रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में उत्कृष्ट दलों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सम्मानित किया। केन्द्रीय बलों के वर्ग में सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी को पहला स्थान मिला। दूसरे स्थान पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और तीसरे स्थान पर ओडिशा पुलिस का दल रहा। राज्य बलों के वर्ग में पहला स्थान छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (पुरूष) को प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल (महिला) ने दूसरा और नगर सेना के महिला दल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एनसीसी जूनियर वर्ग में पहला पुरस्कार (बालक दल) ने और दूसरा पुरस्कार बालिका दल ने प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में घुड़सवार दल का हॉर्स शो भी आकर्षण का केंद्र रहा। तीसरी वाहिनी अमलेश्वर के घुड़सवार दल ने फ्लैग मार्च, टेंट पैगिंग, नेज़ाबंदी शो, जंपिंग और गैलप राउंड जैसी रोमांचक प्रस्तुतियां दी। प्रधान आरक्षक श्री लोकेश्वर सिदार ने अश्व रूद्रा पर फ्लैग मार्च किया। आरक्षक अजय यादव ने अश्व आभा पर स्टैंडिंग सैल्यूट किया। टैंट पैंगिंग में अश्व गंगा, अश्वतथामा, सारंगी और शक्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अश्व युवराज, अवनि, धनुष, जूही और ओजस ने शो जंपिंग में जलवा दिखाया उपस्थित जनसमुदाय ने अश्वदल का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत अभिनंदन किया। आरक्षक सोनबती ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश के पहले महिला बैगपाइपर बैंड ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में आर्कषक प्रस्तुति दी।

### जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार : साय

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार का इंतजार जल्द ही खत्म होने को है. सीएम विष्णुदेव साय ने आज मीडिया से चर्चा में कहा कि इंतजार करिए. जल्द ही विस्तार होगा. उन्होंने यह भी कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार उनके विदेश दौरे से पहले भी हो भी सकता है बता दें, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 22 अगस्त से पहले विदेश दौरे पर जा रहे हैं, इसके पहले मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर भाजपा हाईकमान ने मंजूरी दे दी है. जानकारों के अनुसार, 21 अगस्त से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, जिसमें तीन नए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में अपनी दिल्ली यात्रा से वापसी के बाद इस बात का संकेत भी दिया था, जब उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा था कि अब इंतजार खत्म होने वाला है, मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द हो जाएगा.

## 15 साल पुराने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए तीनों आरोपी बरी



हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में दी रिहाई

**बिलासपुर,** 16 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 2010 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए तीनों आरोपियों—को बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभू दत्त गुरु की खंडपीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में असफल रहा और आरोपियों को संदेह का लाभ दिया गया।

मामला 18 मई 2010 का है, जब मृतक का शव उनके ईंट भट्ठे के पास ट्रैक्टर और ट्रॉली के बीच मिला था। ट्रायल कोर्ट ने 2015 में तीनों को हत्या (धारा 302) और संपत्ति के अवैध कब्जे (धारा 404) का दोषी ठहराकर सजा सुनाई थी। अपीलकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता श्रीकांत कौशिक ने पैरवी की और उन्होंने दलील दी कि इस मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है, अभियोजन का पूरा केस सिर्फ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है, जब्त सामान पर कोई एफएसएल रिपोर्ट नहीं है, और कथित बरामदगी भी संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई है। उन्होंने कहा कि इस तरह साक्ष्यों की श्रृंखला अधूरी है और हत्या से जोड़ने वाला कोई ठोस सबूत मौजूद नहीं है, इसलिए अभियुक्तों को संदेह का लाभ देकर बरी किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने पाया कि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था और पूरा मामला केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था। जब्त किए गए मोबाइल, नकदी और कपड़ों पर एफएसएल रिपोर्ट नहीं थी, और बरामदगी भी संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। मृतक की मां समेत कई गवाहों ने स्पष्ट कहा कि उनका आरोपियों से कोई बैर नहीं था और उन्होंने केवल संदेह के आधार पर नाम लिया था। अदालत ने कहा कि इस मामले में सबूतों की श्रृंखला अधूरी है और हत्या से जुड़ा कोई ठोस व प्रत्यक्ष प्रमाण उपलब्ध नहीं है। इसलिए, ट्रायल कोर्ट का दोषसिद्धि आदेश रद्द करते हुए तीनों आरोपियों को बरी कर दिया गया।

## माजदा से टकराई बाइक, महिला और युवक की मौके पर मौत





**दुर्ग,** 16 अगस्त (हाईवे चैनल)। दुर्ग के नेहरू नगर से बाईपास की ओर जा रहे बाइक सवार एक महिला और एक युवक की बीती शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों एवेंजर बाइक से जा रहे थे, तभी ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक माजदा वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में मृतकों की पहचान सेक्टर-6 ई मार्केट स्ट्रीट-65 निवासी हीरालाल वर्मा और सेक्टर-6 डी मार्केट निवासी रूमाना परवीन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हीरालाल वर्मा ई मार्केट में इलेक्ट्रिकल की दुकान चलाते था और एसी, टीवी, फ्रिज की मरम्मत का काम करता था। उसका एक बच्चा भी है। वहीं मृतका रूमाना परवीन ट्यूशन पढ़ाने का काम करती थीं और तीन बच्चों की मां थी। हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस ने दोनों शवों को सुपेला अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया है। महिला और युवक कहां जा रहे थे, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं पुलिस ने माजदा चालक को हिरासत में ले लिया है।

### अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति और पीएम ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके स्मारक 'सदैव अटल' का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री और भाजपा नेता वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राजघाट पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां उनके स्मारक 'सदैव अटल' पहुंचे।

### छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता के रूप में सदैव रहेंगे स्मरणीय : साय

इधर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि श्रद्धेय स्वर्गीय अटल जी हमारे राज्य के निर्माता हैं। अटल जी का छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य का स्वरूप देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया, जिसके लिए वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। पत्रकार, कवि और राजनेता के रूप में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

### विधानसभा पहुंचा रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर, आज होगा अंतिम संस्कार



**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (न्यूज चैनल)। झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर आज यानी शनिवार सुबह रांची लाया गया। झामुमो और कांग्रेस के कई नेता हवाई अड्डे पहुंचे और रामदास सोरेन को पुष्पांजलि अर्पित की। जेएमएम सांसद महुआ माजी ने झारखंड के मंत्री और झ्रूरू नेता रामदास सोरेन के निधन पर कहा, रामदास सोरेन ज़मीन से जुड़े नेता थे, उन्होंने गुरुजी के साथ मिलकर आंदोलन किया था। उन्होंने बहुत संघर्ष किया और आज उन्हें ये पद मिला; वे मंत्री बने लेकिन ऐसे समय में उनका जाना उनके परिवार, झ्रूरूपरिवार और राज्य के लिए बहुत बड़ा झटका है... वे बिल्कुल स्वस्थ थे।




